सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 93 | इंदौर, सोमवार 09 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Israel-Hamas Conflict: इस्राइल पर हमास के हमले में भारतीय महिला घायल, 10 नेपाली नागरिकों की मौत
2. Canada: इधर इस्राइल पर हुए हमलों की निंदा कर रहे थे PM ट्रूडो, उधर कनाडा में ही फलस्तीन के झंडे के साथ जश्न



# अब एमवायएच में भी होगा पिंपल्स का इलाज

## ◆ विशेष ओपीडी में रहेगी डाक्टरों की टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमवाय अस्पताल में पहली बार चर्म रोग विभाग में पिंपल्स के लिए विशेष ओपीडी शुरू होने वाली है, जिससे संभाग के मरीजों को लाभ मिलेगा। इस विशेष ओपीडी में डाक्टरों की टीम मौजूद रहेगी।**

पिंपल्स हर मौसम में लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। जैसे ही मौसम का बदलाव होता है या फिर खानपान में परिवर्तन होता है तो पिंपल्स होना शुरू हो जाते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसका शिकार होने लगते हैं। वहीं इसका इलाज भी लंबे समय तक चलता है और निजी क्लिनिकों में इसका इलाज भी काफी महंगा होता है। यहां ओपीडी खुलने से मरीजों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। इससे जो मरीज पैसों की कमी के कारण इलाज करवाने से वंचित है, वह भी लाभ ले सकेंगे।



### बदलती जीवनशैली और खानपान में बदलाव के कारण होते हैं पिंपल्स

विशेषज्ञों ने बताया कि बदलती जीवनशैली और खानपान में बदलाव के कारण लोगों को पिंपल्स से जुड़ी समस्याएं अधिक होने लगी हैं। कई लोग इसे सामान्य समझकर इलाज नहीं करवाते हैं। कई बार ये फैल जाते हैं। समय पर उपचार शुरू करवा लिया जाए तो जल्दी निजात पा सकते हैं। इसके होने के कई कारण होते हैं। वहीं अधिकांश लोग इसका इलाज तो शुरू करवाते हैं, लेकिन बीच में ही छोड़ देते हैं। क्योंकि इसका इलाज महंगा होता है।

### दो माह में शुरू हो सकती है ओपीडी

बताया जा रहा है कि दो माह में एमवाय अस्पताल में पिंपल्स के लिए ओपीडी शुरू हो सकती है। इसके लिए डाक्टर प्रयासरत है। विभाग में इसके लिए जगह भी चिह्नित कर ली है। वहीं यह प्रदेश के शासकीय अस्पताल में पहली इस तरह की ओपीडी होगी।

### मरीजों को मिलेगा लाभ

पिंपल्स ओपीडी शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि पिंपल्स का इलाज लंबे समय तक चलता है, जिससे मरीजों को लाभ मिल सके। ओपीडी जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

**- डा. राहुल नागर, चर्म रोग विशेषज्ञ, एमवाय अस्पताल**

## स्कूली बच्चों ने लगाया आंनद मेला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्कूल के बच्चों ने लगाया आनंद मेला साई प्रीतम दास गोविंदराम ऐकडमी के बच्चों ने आनंद मेले का आयोजन किया जिसमें सभी बच्चों ने अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए जिसमें बच्चों ने अपने हाथों से इन व्यंजनो को बना कर स्टॉल लगाए और स्वच्छता के साथ साथ स्टॉल में लगे व्यंजन की पोष्टिकता का भी ध्यान रखा गया और सभी स्कुली बच्चो एव उनके पालक गण ने भी इस आंनद मैले का भरपूर लुफ्त उठाया आनंद मेले में बच्चों ने पौष्टिक आहार के अलग-अलग स्टॉल लगाए जिससे बच्चों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता भी मिली स्कूल प्रंबधन के सतराम जी मखीजा ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से हमारे स्कूल मे बच्चो को पढाई के साथ संस्कार भी दिए जाते है जिससे बच्चों मे सर्वांगीण विकास होता है और बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में सर्पुण जानकारी भी प्राप्त होती है ।

स्कूल के अध्यक्ष गुरुजी स्वामी दयाल दास जी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कार्यक्रम का आभार माना एवं स्कूल की शिक्षिका श्रीमति ज्योति , श्रीमति रविंदर , श्रीमति प्रीति एवं श्रीमती अंबिका निर्णायक गण रही ।

## 111 फीट के रावण और 250 फीट की लंका के निर्माण कार्य का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। इंदौर दशहरा महोत्सव समिति दशहरा मैदान के संयोजक श्री सत्यनारायण सलवाड़िया ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भव्य रावण और लंका के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुरेश मिंडा, नारायण सिंह यादव, प्रहलाद शर्मा, किशोर गुप्ता, नीलेश पटेल,अरूण महेश्वरी, विशाल चतुर्वेदी, राजाराम बौरासी, कैलाश मिश्रा, शंकरलाल चिंतामण, जितेंद्र रावरिया धर्मेंद्र ठाकुर, तपन चतुर्वेदी,जितेश शाह, राजेंद्र सोनी, निखिल गोड उपस्थित कलाकार धरम सिंह सिसौदिया, प्रवीण हरगांवकर दारु लाहोरिया ने कार्य प्रारंभ किया।

## नि:शुल्क फिजयोथेरेपी शिविर में 86 लोगों का इलाज किया

◆ मध्यप्रदेश वरिष्ठ नागरिक कल्याण केन्द्र और लायंस क्लब इंदौर यूनिक का संयुक्त आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** फिजियोथेरॉपी एक ऐसी चिकित्सा पध्दती है जिसमे न सर्जरी की जरूत और ना ही मेडिसिन की। इसमें मरीज को दर्द भी नहीं होता है। यह एक सस्ती, सुलभ और उपयोगी चिकित्सा पद्धति है।

ये विचार वरिष्ठ फिजियोथेरिपिस्ट डॉ. महेश साहू के है, जो उन्होंने अलकापुरी मुसाखेडी स्थित योगेंद्र बाल विद्या मन्दिर मूसाखेडी में आयोजित नि:शुल्क फिजियोथेरॉपी शिविर मे थेरेपी के दौरान कहे। आयोजन मध्यप्रदेश वरिष्ठ नागरिक कल्याण केंद्र , एस डी पी सी और लायन्स क्लब ऑफ इंदौर यूनिक ने सयुंक्त रूप से किया था। मुख्य अतिथि जनरल फिजीशियन डॉक्टर जी एल सोढ़ी ने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद जोड़ों के दर्द की समस्या बढ़ जाती है जिसका इलाज फिजियोथेरॉपी चिकित्सा से किया जाए तो ऑपरेशन की नौबत नहीं आती है। वरिष्ठ नागरिको को इस चिकित्सा पद्धति का अधिक लाभ लेना चाहिए। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि निशुल्क फिजियोथेरॉपी शिविर में लकवा, सेरेबल पाल्सी,फ्रोजन शोल्डर , साइटिका, कमर दर्द, चक्कर आना, आर्थरायटीस,कमर दर्द के 86 मरीजो इलाज फिजयोथेरॉपी चिकित्सा से किया गया । अतिथि स्वागत पुरुषोत्तम वाघमारे, हरीश जोशी, कैलाश पुरोहित, प्रवीण श्रीवास्तव ने किया।

## कटाक्ष




## रियाज की सक्षम कला विश्व में भारत का मान बढ़ा रही है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** प्रतिष्ठित चित्रकार व समाजसेवी शेख रियाजउद्दीन पटेल ने 5000 से अधिक पेन्टिंग सामाजिक जागरूकता व साम्प्रदायिक सौहार्द हेतु भेंट किए है। यह पहले भारतीय कलाकार हैं जिन्हें लगातार सेवा कार्यों पर हाल ही में हार्वड वर्ल्ड रिकार्ड लंदन ने दर्ज किया है । वे नए कलाकारों को प्लेटफार्म दे रहे है। विगत 12 वर्षों से कला संसार राष्ट्रीय मासिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहे हैं । उनका सामाजिक सेवा के उल्लेखनीय कार्य करने पर हार्वड वर्ल्ड रिकार्ड, ग्रेटेस्ट वर्ल्ड रिकार्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड, इंडियन वर्ल्ड रिकार्ड, प्रतिभागी के रूप में गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड व लिम्का वर्ल्ड रिकार्ड कार्यक्रम में सहभागिता कर अपना नाम दर्ज करा चुके हैं । उन्हें वर्ल्ड टॉप टीचर में गिना जाता है । उन्हें अंतर्राष्ट्रीय व अनेक राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं । आपके कार्यों पर फिल्म का प्रसारण हो चुका है ।

### सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक विचारों को बढ़ाने के लिए ...

## स्कूल-कॉलेज में पुलिस ने लगाई कार्यशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के साथ-साथ लोगों में सामाजिक जनजागरूकता के लिए, महिला अपराधों, साइबर अपराधों एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व अति पुलिस आयुक्त (अजाक एवं महिला सुरक्षा) श्रीमती प्रियंका डुडवे एवं सहायक पुलिस आयुक्त (महिला सुरक्षा शाखा) श्रीमती अपूर्वा किलेदार के मार्गदर्शन में महिला पुलिस थाना द्वारा सामाजिक जनजागरूकता अभियान ऑपरेशन क्लीन ऑफ माइंड चलाया जा रहा है। जिसके तहत महिला थाना प्रभारी प्रीती तिवारी हमराह आर. 2620 मनोज पटेल के साथ ग्रेजुएट स्कुल आफ बिजनेस मैं पहुंच कर छात्र-छात्राओं से रूबरू हुई। उन्होंने सभी छात्र व छात्राओं को महिला अपराधों, साइबर अपराधों, नशे के कारण होने वाले अपराधों के बारे में बताते हुए इनके होने के पीछे वाले कारण नकारात्मकता आदि के बारे में बताते हुए सायबर सिक्योरिटी एवं अवेयरनेस की क्लास लेकर विभिन्न साइबर फ्रॉड की केस स्टडी से रूबरू कराया, साथ ही छात्र व छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिए महिला हेल्प लाईन नं. 1090, चाईल्ड लाईन हेल्प लाईन नं. 1098, सायबर हेल्प लाईन नं. 1930, डायल-100/112 सेवा से अवगत कराया गया। छात्र व छात्राओं को रैगिंग संबंधित होने वाले अपराधो के बारे में जानकारी भी दी गई। छात्र जीवन में आपका आचरण, व्यवहार सामाजिक, मित्रवृत आत्मीय, स्नेह भरा अपने सहयोगी छात्र के साथ होना चाहिए रैगिंग जैसे दण्डनीय अपराध का कोई स्थान नहीं है।

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा ...

# चमेली देवी अग्रवाल भवन का लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भगवान महाकाल के दर्शनों के लिए देश-विदेश से पधारे श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के लिए भव्य निशुल्क फाइव स्टार स्तरीय भोजन व्यवस्था का शुभारंभ उज्जैन में किया गया। इंदौर के बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा निर्मित भव्य श्री महाकालेश्वर मंदिर अन्नक्षेत्र चमेली देवी अग्रवाल भवन को 25 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इसकी रसोई में एक बार में करीब 1 लाख लोगों का भोजन तैयार करने की क्षमता है। इसमें एक बार मे 3-5 हजार व एक दिन में 80 हजार से 1 लाख तक भक्त भोजन-प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे।**



भवन का उद्घाटन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय श्री जगदीश देवड़ा , वित्त मंत्री, भूपेंद्र सिंह, नगर प्रशासन मंत्री , डॉ मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री, सुश्री उषा ठाकुर, संस्कृति मंत्री , अनिल फिरोजिया, सांसद, उज्जैन, पारस चंद्र जैन , विधयक, उज्जैन उत्तर, मुकेश टटवाल, महापौर, उज्जैन, श्याम बंसल, अध्यक्षक, विकास प्राधिकरण, उज्जैन, फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल व उनकी अर्धांगिनी श्रीमती नीना अग्रवाल, तपन अग्रवाल, वंशिका अग्रवाल, विभिन मंदिरों के पुजारी, संतगण एवं अन्य प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे। अपने निर्माण की शुरूआत से ही यह भवन सबके आकर्षण का केंद्र व चर्चा का विषय बना हुआ है।

देश में यूं कई जगहों पर बड़े अन्नक्षेत्र हैं लेकिन उज्जैन का यह अन्नक्षेत्र तकनीक और सुविधाओं के मामले में सबसे उन्नत है। इसे बनाने से पहले उज्जैन कलेक्टर श्री कुमार पुरषोत्तम तथा मंदिर प्रशासक श्री सन्दीप सोनी ने मिलकर इस विचार के लिए लंबी रिसर्च की। देश के बड़े अन्नक्षेत्र देखे गए ' कोयम्बटूर, चेन्नई और अहमदाबाद सहित देश के 5 भिन्न स्थानों से अलग अलग मशीनें मंगवाई गईं हैं। ये मशीनें सब्जी, रोटी, दाल सब बनाएंगी, आटा भी गूंथेंगीं और मसाले मिलाने, तड़का लगाने का काम भी बखूबी करेंगी। ऑटोमैटिक भट्टियां रोटियां सेकेंगी और भोजन के बाद जूठे बर्तनों को धोने का काम भी मशीनें ही करेंगी। खास बात यह कि यहां सीएनजी एवं एलेक्ट्रिक्ट का उपयोग भोजन बनाने में किया जाएगा। यानी पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा।

# फैशन शो के मामले में बजरंग दल ने दिया आवेदन

## ◆ मामला नवरात्रि के प्रथम दिन शहर में छोटे कपड़े और अश्लीलता से जुड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बजरंग दल इंदौर विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर ने बताया कि सोशल मीडिया के मध्यम से सूचना मिली थी कि इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र के ट्रेजर आइलैंड में 15 तारीख के दिन जूनियर मिस इंडिया नाबालिक लड़कियों का फैशन शो होने वाला है। दरेकर ने कहा कि इंदौर माँ अहिल्या की पावन नगरी है शहर में ऐसे आमर्यादित आयोजन का विरोध करते है ओर उस दिन पवित्र नवरात्रि का पहला दिन है और शहर में इस प्रकार के अश्लीलता भरे फैशन शो का आयोजन किया जा रहा है। दरेकर कल दोपहर को डीजीपी पंकज पांडे को आवेदन देकर के होने जा रहा है फैशन शो रद्द करने की मांग की अगर प्रशासन ने कोई एक्शन नही लिए तो बजरंग दल खुद उस कार्यक्रम में पहुँच के विरोध और अपनी कार्य शैली में जवाब देगा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया की इंदौर में लगातार अश्लील हरकतें वाले आयोजन इंदौर शहर बड़ी तेजी से हो रहे है लेकिन इंदौर कमिश्नर ओर आलाधिकारी इन सब आयोजन से बेखबर है ।

# मुंबई से पकड़ाया बाला किन्नर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। विजयनगर में किन्नरों के गुरू पर जानलेवा हमला करने वाले किन्नर को मुंबई से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंदौर में दो थानों में केस दर्ज होने के बाद वह अपने साथियों के पास मुंबई भाग गया था। जिसे पुलिस शनिवार देर रात इंदौर लेकर पहुंची। एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्रसिंह की टीम ने बाला उर्फ हेमंत रेकवार किन्नर को मुंबई में उसके साथियों के यहां से हिरासत में ले लिया। देर रात उसे लेकर इंदौर आया गया। बाला ने विजयनगर में अपने साथी पलक उर्फ आलोक शर्मा व अन्य के साथ खुशबू गुरु पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। इसके बाद से बाला और उसके साथी फरार चल रहे थे। बाला के खिलाफ गुरु खुशबू और शीबो ने बयान दिए। जिसमें बताया कि नंदलालपुरा में किन्नर समूह की जितनी प्रॉपर्टी है उसे बाला अपने साथियों के साथ हड़पना चाहता है।

# 11 साल की नाबालिग से छेड़छाड़

## अश्लील मैसेज भेजे; परिचित होम ट्यूटर से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 11 साल की स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी एक मेडिकल दुकान पर काम करता है। जो छात्रा को अश्लील इशारे कर आते-जाते पीछा करता था। आरोपी छात्रा की मां के मोबाइल पर उसे गंदे मैसेज भी भेजता। परेशान पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक 11 साल की नाबालिग की शिकायत पर प्रवीण पुत्र मांगीलाल झंकारे निवासी लिंबोदी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने आकर बताया कि इलाके में छाबड़ा क्लीनिक पर प्रवीण नाम का कर्मचारी काम करता है। यहां से प्रवीण नाबालिग को अश्लील इशारे करता है। इतना ही नहीं वह स्कूल जाती है तो आरोपी उसका पीछा करता है। आते-जाते उसे गंदे कमेंट्स कर परेशान करता है। पीड़िता ने बताया कि उसने परिवार के मोबाइल पर भी गंदे मैसेज किये।

इसके बाद आरोपी उसकी मां के मोबाइल पर भी मैसेज करने लगा। प्रवीण को इस मामले में परिवार के लोगों ने समझाया। लेकिन उसने अपनी हरकतें बंद नहीं की। पुलिस ने प्रवीण को हिरासत में ले लिया है। इसी प्रकार एमजी रोड पुलिस ने होम ट्यूटर की शिकायत पर रेप के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 26 साल की पीड़िता की शिकायत पर सुनील दीक्षित निवासी सुदर्शन नगर के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है।



# रहवासियों के साथ पुलिस की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। अन्नपूर्णा क्षेत्र के मिश्र नगर कॉलोनी के रेवासियों की आगामी त्योहार नवरात्रि दशहरा एवं अपराध एवं नशे की रोकथाम के संबंध में श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा नंदिनी शर्मा एवं थाना प्रभारी अन्नपूर्णा संजू कांबले द्वारा मीटिंग ली गई जिसमें मिश्र नगर कॉलोनी के समस्त रहवासी उपस्थित हुए जिनसे जनसंवाद किया जिसमें अवैध गतिविधियां अपराध से संबंधित जानकारी दी गई। थाना अन्नपूर्णा व नगर सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# रमेश मेंदोला और आकाश विजयवर्गीय एक ही क्षेत्र में सक्रिय, बिना टिकट मिले प्रचार अभियान शुरू

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही नेताओं ने अपने अपने क्षेत्रों से दावेदारी करना शुरू कर दी है। कुछ नेताओं के टिकट पार्टी से तय हो चुके हैं और कुछ इंतजार में हैं। इन सबके बीच कुछ नेता टिकट मिले बिना ही क्षेत्र में प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। इस लिस्ट में विधायक रमेश मेंदोला और विधायक आकाश विजयवर्गीय भी हैं जिन्होंने अपने क्षेत्र में प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। विधानसभा दो में कई बड़े आयोजनों के पोस्टर होर्डिंग लग चुके हैं और दोनों ही विधायकों ने स्थानीय कार्यक्रमों में प्रचार भी शुरू कर दिया है।



### धार्मिक आयोजनों पर फोकस

विधानसभा दो में धार्मिक आयोजनों पर अधिक फोकस किया जा रहा है। क्षेत्र में इसी सप्ताह दो बड़े आयोजन हैं। निरंजनपुर में खाटू श्याम मंदिर के पास में कथा है, नंदा नगर बृजमोहन महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजनों के साथ ही स्वास्थ्य के आयोजन भी करवाए जा रहे हैं। रविवार को ही स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें जरूरतमंद लोगों को मशीनें, दवाएं आदि दी गई।

### हर वार्ड में दौरे शुरू

रमेश मेंदोला की टीम ने हर वार्ड में उनके लिए दौरे शुरू करवा दिए हैं। रहवासी संघों के साथ ही व्यापारियों, क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। रमेश मेंदोला लगभग हर दिन किसी न किसी वार्ड में कार्यक्रम के लिए जा रहे हैं। भले ही उनका टिकट तय नहीं हुआ हो लेकिन वे लोगों से प्रचार के लिए सतत मिल रहे हैं।

### विधायक आकाश विजयवर्गीय हर कार्यक्रम में सक्रिय

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो के कार्यक्रमों में विधायक आकाश विजयवर्गीय भी विधायक रमेश मेंदोला के साथ कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं। आकाश फिलहाल क्षेत्र क्रमांक तीन से विधायक हैं लेकिन उनके पिता कैलाश विजयवर्गीय को क्षेत्र क्रमांक एक से टिकट मिलने के बाद यह माना जा रहा है कि अब उन्हें फिर से टिकट मिलने की संभावना कम हो चुकी है। विधानसभा दो में होने वाले हर कार्यक्रम में वह पूरा समय दे रहे हैं। कई जगह उनके नाम के होर्डिंग पोस्टर भी लगे हुए हैं।

### तीन नंबर में आकाश ने बंद की सक्रियता

विधानसभा तीन में आकाश विजयवर्गीय ने सक्रियता कम कर दी है। वह तीन में विधायक हैं और चुनाव नजदीक हैं लेकिन तीन में आयोजन लगभग बंद हैं। आकाश अपने क्षेत्र को छोड़ विधानसभा दो में पूरे समय सक्रिय हैं।

### रतलाम पहुंचे केंद्रीय मंत्री गोयल बोले-

## भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और मध्यप्रदेश देश में तीसरा सबसे विकसित राज्य बनेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** विधानसभा चुनाव के पूर्व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नीमच और रतलाम के दौरे पर पहुंचे। यहां आयोजित प्रबुद्ध जन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तो मध्य प्रदेश भी देश में तीसरा सबसे विकसित राज्य होगा। देश और प्रदेश में ऐतिहासिक विकास के लिए मध्य प्रदेश और केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की अपील केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कार्यक्रम में मौजूद प्रबुद्ध जनों से की है।

रतलाम में आयोजित प्रबुद्ध जन समारोह में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री करीब 2 घंटे विलंब से पहुंचे। इसके बाद प्रबुद्ध जनों से संवाद कर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताते हुए प्रबुद्ध जनों से प्रदेश और देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने में सहयोग करने की अपील की है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि एक परिवार ने देश को 50 सालों तक गरीबी और भ्रष्टाचार में घेरे रखा। कांग्रेस के नेता कहते थे कि 1 रुपये में से 15 पैसे ही अंतिम व्यक्ति तक पहुंचते थे। तो क्या सत्ता में रहे कांग्रेस नेताओं के पास बनाई गई संपत्तियों, बंगले, गाड़ियों और विमान में उस 85 पैसे का योगदान है। कार्यक्रम में मौजूद प्रबुद्ध जनों से संवाद के बाद प्रभारी मंत्री नागदा के लिए रवाना हुए है।

# फिल्मी स्टाइल में अवैध शराब का परिवहन

### ◆ गेहूं के भूसे से भरे कट्टे के पीछे छुपाकर रखी थी शराब, पुलिस ने 635 पेटी की जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। फिल्मी स्टाइल में आयशर वाहन के माध्यम से परिवहन करके ले जाई जा रही लाखों रुपए की अवैध शराब को राजगढ़ पुलिस टीम ने जप्त किया है। वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन रोका, जिसकी तलाशी लेने पर आयशर में गेंहू के भूसों से भरे हुए कट्टे रखे हुए थे। हालांकि, मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस उक्त वाहन को लेकर थाने पर आई।जहां पर कट्टों को हटाया गया तो उसके पीछे शराब की पेटियां पुलिस को मिली। पुलिस ने वाहन से अलग-अलग ब्रांड की 635 पेटी शराब की जब्त की है।**

### ◆ बायपास पर मिली गाड़ी

थाना प्रभारी संजय रावत के अनुसार चैकिंग के दौरान ही चालक लालसिंह अलग-अलग जवाब दे रहा था। इसी आधार पर शंका हो गई थी। शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने वाहन धार बाईपास से मिलने की बात बताई हैं। आयशर वाहन में रखी शराब अलीराजपुर जिले के उदयगढ तक लेकर जानी थी, इसके बाद शराब की पेटियां गुजरात जाती। अवैध शराब को लेकर चलाई जा रही मुहिम में धार पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। आरोपी लाल सिंह ने इस परिवहन से जुडे दो अन्य लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं, जिनकी तलाश के लिए अब एक टीम गठित की गई है।

**इसके साथ ही वाहन चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है।**

दरअसल प्रतिमाह होने वाली मासिक समीक्षा बैठक में एसपी मनोज कुमार सिंह ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में राजगढ़ पुलिस टीम ने एएसपी डॉ इंद्रजीत बाकलवार के मार्गदर्शन में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर चैकिंग पाइंट लगाकर मार्ग से गुजर रहे वाहनों की तलाशी शुरू की गई। कुछ देर बाद रात में वाहन क्रमांक एमपी-09 जीई-8546 को रोका गया। एसडीओपी आशुतोष पटेल ने बताया कि वाहन के पिछले हिस्सा का आधा भाग गेंहू के भूसे से भरा हुआ था। सूचना के आधार पर कट्टों को हटाया गया।

वाहन में लंदन प्राइड व्हिस्की 95 पेटी, गोवा व्हिस्की 115 पेटी, बैगपाइपर व्हिस्की 140 पेटी, माउंट बियर 145 पेटी, किंगफिशर बियर 140 पेटी को जब्त किया गया है। वाहन चालक लाल सिंह पिता नब्बू निवासी झाबुआ को अरेस्ट किया गया है।

## सीएम हाउस घेरने जा रहे करणी सेना कार्यकर्ता गिरफ्तार

### ◆ भोपाल में पुलिस ने रोका तो हुई नोकझोंक; 10 मांगों को लेकर प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। 10 सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना ने एक बार फिर भोपाल में प्रदर्शन किया। रविवार को राजधानी के रातीबड़ क्षेत्र में जुटे करणी सेना कार्यकर्ताओं ने पहले एक सभा की। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे सीएम हाउस घेराव के लिए निकले। पुलिस ने इन्हें नीलबड़ चौराहे के पास रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक देखने को मिली। करणी सेना के कार्यकर्ता यहां बेरिकेड्स हटाकर आगे बढ़ गए।**

करणी सेना को थोड़ी ही दूरी पर पुलिस ने बेरिकेडिंग कर फिर से रोक दिया। इस प्रदर्शनकारी आगे जाने की बात पर अड़े रहे। जिसके बाद पुलिस ने करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह समेत करीब 100 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

#### नीलबड़ से भदभदा चौराहे तक बेरिकेडिंग

पुलिस ने करणी सेना के प्रदर्शन को देखते हुए नीलबड़ से भदभदा चौराहे तक जगह-जगह बेरिकेडिंग की थी। मौके पर आला अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था।

#### एक दिन पहले पहुंच गए कार्यकर्ता

संगठन महामंत्री दिग्विजय सिंह ने बताया कि 5 हजार करणी सैनिक शनिवार रात 8 बजे तक भोपाल पहुंच गए। संगठन के यह सभी कार्यकर्ता भोपाल और शहर के आउटर में उन्हें बताए गए स्थान पर पहुंच गए। राजस्थान, गुजरात और पंजाब के सदस्य भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री निवास जाने की जिद पर अड़े करणी सेना कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके कुछ देर बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। इससे पहले सभा को संबोधित करते हुए करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह राघव ने कहा कि हम पहले 2 आंदोलन कर चुके हैं। तब केवल आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त करा दिए गए थे। उसके बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। अब हमने फिर 10 सूत्रीय मांगें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंचाई है। हमने स्पष्ट कर दिया है कि हमारी लड़ाई प्रशासन से नहीं है। अनुशासन पूर्वक सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे हैं। प्रशासन ने हम पर लाठी चार्ज किया तो हम वादा करते हैं सरकार को बैसाखी पर लाकर छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस ने भी कभी हमारा साथ नहीं दिया। किसी दल की बातों में आकर हिंदुत्व को खतरे में नहीं डालेंगे। आज से हमारी असल लड़ाई शुरू है।

## खाते में नहीं आई राशि तो वापस की स्कूटी

### मेधावी छात्रा के पेरेंट्स बोले- 90 हजार कौन भरेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** मध्यप्रदेश सरकार ने मेधावी छात्राओं को स्कूटी तो दे दी, लेकिन खंडवा में एक छात्रा को स्कूटी के 90 हजार रुपए नहीं मिल पाए। जिस बैंक खाते में लैपटॉप की राशि डली थी, उसी में दिक्कत बता दी गई। नया खाता खुलवाया, फिर भी पैसे नहीं आए। परेशान पेरेंट्स ने जिस शोरूम से स्कूटी उठाई थी, उसी शोरूम पर वापस रख दी। मामला गर्माया तो डीईओ ने शोरूम संचालक को पैसे देने की हामी भरी। पेरेंट्स को आश्वस्त किया और शोरूम से स्कूटी को घर ले जाने को कहा। मामला खंडवा जिले का है। गांव बड़गांव भीला निवासी शाइन मंसूरी को मेधावी छात्र सम्मान में स्कूटी दी गई थी। 23 अगस्त को शिक्षा विभाग ने शहर के खड़कपुरा स्थित नेशनल मोटर्स से पेट्रोल वाली स्कूटी खरीदकर दी थी। स्कूटी की कुल कीमत एक लाख 12 हजार रुपए थी। 90 हजार रूपए शासन द्वारा छात्रा के खाते में डाले जाने थे।

### सियार का आतंक

## हमले से बुजुर्ग महिला और युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। ग्राम दसई हाथीबडला में खेत पर काम कर रही मां और बेटे पर सियार ने हमला कर दिया। हमले में मां बुरी तरह घायल हो गई, वहीं बेटे को भी सियार ने पैर में काटकर घायल कर दिया।**

हमले के दौरान बचाव के लिए मां सहित बेटे ने आवाज लगाई। तो आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मदद के लिए दौड़े। इधर लोगों की भीड़ देखकर सियार जंगल की ओर भाग गया। कुछ ग्रामीण उसके पीछे भी गए थे।

#### घायलों के अस्पताल में भर्ती कराया

हमले के बाद परिजन घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बुजुर्ग को मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। जिसका उपचार किया जा रहा है। सियार के हमले की सूचना पर वन विभाग के बीट प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और घायलों से चर्चा कर हमले के बार में जानकारी ली।

#### सियार का आतंक

जानकारी के अनुसार, सरदारपुर तहसील में सुबह दसई के हाथीबडला में खेत में काम कर रहे जाबुडी बाई पति गणपत और बेटे सुरेश पिता गणपत पर अचानक सियार ने हमला कर दिया। सियार ने सबसे पहले बुजुर्ग के चेहरे के साथ मुंह और दोनों हाथ पर हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। बीच बचाव में आए बेटे के पैर पर भी सियार ने दांत लगा दिए।

मां और बेटे के पर हुए हमले की आवाज सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और सियार को जंगल की ओर खदेड़ा। परिजन घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां गंभीर स्थिति में वृद्धा को भर्ती किया गया है।

हमले की सूचना पर वन विभाग के बीट प्रभारी गोकुल सिंह नर्गेश भी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से चर्चा की। साथ ही अन्य ग्रामीणों को भी रात के समय में सर्तक रहने की सलाह दी।

### खदान में भरे पानी में डूबे दो बच्चे मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** जिले के कुठला थाना के करहिया गांव में मुरुम की खुली खदान में भरे पानी में दो बच्चे डूब गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। बिलहरी चौकी प्रभारी गोपाल विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार को आनंद वासुदेव (12) और कुलदीप (8) मतवारी गांव स्थित खदान में भरे पानी में नहाने गए थे। इस दौरान दोनों पानी में डूब गए।

## मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी तीन की मौत, पांच घायल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, बड़वानी।** जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पांच घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बड़वानी जिला अस्पताल भिजवाया गया है। हादसा ठीकरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं में करीब साढ़े 10 बजे हुआ। थाना प्रभारी विक्रम सिंह बामनिया ने बताया कि मजदूर कपास चुनने जा रहे थे। इसी दौरान कपाड़िया खेड़ी रोड के मोड़ पर अचानक जानवर आ गया। इससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में जा गिरी। अमित पिता ओम पाटीदार निवासी ग्राम कुआं, अनिल पिता खेल सिंह निवासी ग्राम गोलबावड़ी और साजन पिता इंदास ग्राम पुष्पखेड़ा निवाली की मौके पर मौत हो गई। रणजीत पिता इंदास पुष्पखेड़ा निवाली, खेल सिंह पिता नान सिंह गोलबावड़ी, कविता पति राजेश ग्राम गोलबावड़ी, बाईली पिता कामा ग्राम गोलबावड़ी और ममता पिता कामा ग्राम गोलबावड़ी घायल हुए हैं। 5 मजदूरों को ठीकरी में प्राथमिक उपचार के बाद बड़वानी जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## संदिग्ध हालत में मिला मादा तेंदुए का शव

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, रायसेन।** संदिग्ध हालत में मादा तेंदुए का शव मिला है। वन विभाग के पूर्व क्षेत्र की मखनी बीट में रविवार सुबह करीब 11 बजे वन विभाग के कर्मचारी को यह सबसे पहले दिखा। शव 1- 2 दिन पुराना बताया गया है, उसमें कीड़े लग चुके हैं। घाव के निशान भी हैं। वन विभाग के मुताबिक, तेंदुए की उम्र लगभग डेढ़ साल थी। करीब 22 दिन पहले भी शहर के वार्ड क्रमांक एक नरापुरा स्थित किला मार्ग के गेट नंबर 3 पर मादा तेंदुए का शव मिला था। जिसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में घाव के निशान पाए गए थे। वन विभाग द्वारा मौत की वजह टेरिटरी फाइट बताई गई थी।

## संपादकीय

# वाक्युद्ध अब सड़कों पर

कोरोना काल में जब बड़ी संख्या में शहरों से गांवों की ओर पलायन हुआ तो रोजी-रोटी चलाने के लिए एक योजना सबसे बड़ा सहारा बनकर उभरी। उस समय सरकार को इसका बजट लगभग दोगुना तक बढ़ाना पड़ा था। दरअसल, कल्याणकारी योजनाएं सभी राज्यों के लिए होती हैं। पश्चिम बंगाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा के लागू होने में अनियमितताओं को लेकर तृणमूल कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच छिड़ा वाक्युद्ध अब सड़कों पर आ गया है। राज्य सरकार ने केंद्र पर हजारों करोड़ रुपए रोकने का आरोप लगाया तो केंद्र सरकार बंगाल में मनरेगा योजना में निदेर्शों को ताक पर रखने की दलील दे रही है। इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच निचले पायदान पर बैठा व्यक्ति रोजगार की मुश्किल से जूझ रहा है। विपक्षी दल पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में लागू की गई इस योजना को केंद्र की मौजूदा राजग सरकार पर धीरे-धीरे खत्म करने का आरोप लगाते रहे हैं। इनमें पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सबसे ज्यादा मुखर है और उसने कई मौकों पर इस मसले पर केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया है। पार्टी का कहना है कि केंद्र मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पंद्रह हजार करोड़ रुपए दबाए बैठा है। इससे राज्य की बड़ी गरीब आबादी प्रभावित हो रही है। हालांकि केंद्र इन आरोपों का खंडन करने के साथ ही राज्य सरकार पर मनरेगा जाब कार्ड में फजीर्वाड़ा किए जाने की बात कह रहा है। हकीकत यह है कि मांग-संचालित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम के रूप में मनरेगा समूचे देश में अपने मूल स्वरूप में जारी है और केंद्र सरकार इस मद में राशि भी आबंटित करती रही है। पश्चिम बंगाल के संदर्भ में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का दावा है कि मनरेगा के लिए धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन राज्य को धन इसलिए नहीं दिया गया, क्योंकि उसने केंद्रीय निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया। केंद्र सरकार राज्य में पच्चीस लाख जाब कार्ड में फजीर्वाड़ा किए जाने का भी आरोप लगा रही है। अगर ऐसा है तो इन आरोपों की पड़ताल होनी चाहिए। राज्य सरकार को स्वयं इस मामले की जांच कर केंद्र के समक्ष सही तस्वीर रखनी चाहिए। सवाल है कि पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार की चिंताओं का निवारण करने में कहां दिक्कत पेश आ रही है, जबकि केंद्र कह रहा है कि उसने चार अक्तूबर तक इस योजना के लिए निर्धारित साठ हजार करोड़ रुपए के बजट में से 56,105.69 करोड़ जारी कर दिए हैं। अगर इतना पैसा राज्यों को दे दिया गया है तो गड़बड़ी कोष में नहीं, कार्यान्वयन स्तर पर नजर आती है। एक उपयोगिता आधारित और गरीब तबकों के कल्याण कार्यक्रम के रूप में मनरेगा का महत्त्व किसी से छिपा नहीं है। लेकिन इसमें धांधली, काम नहीं मिलने या भुगतान में देरी के आरोप अक्सर सामने आते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर योजना की कार्यान्वयन एजंसी के प्रति सख्ती से इस समस्या का समाधान हो सकता है।

**अर्ज किया है..!**

*हमें माशूक़ को अपना*
*बनाना तक नहीं आता*
*बनाने वाले आईना*
*बना लेते हैं पत्थर से*

*-सफ़ी औरंगाबादी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**अगर आपका लक्ष्य बड़ा हो और उस पर हंसने वाले कोई न हो। तो समझना की अभी आपका लक्ष्य बहुत छोटा है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर-सपाटा

# नवंबर के महीने में लेना चाहते हैं बर्फबारी का मजा?

## इन जगहों की करें ट्रिप प्लान



नवंबर का महीना शुरु होने वाला है। अक्टूबर के महीने से ही उत्तर और पश्चिम भारत में ठंड पड़ना शुरु हो जाती है। नवंबर ऐसा महीना है, जिसमें कई जगहों पर आपको बर्फबारी देखने को मिल जाएगी। आने वाले महीनों में कई छुट्टियां मिलने वाली हैं। ऐसे में अगर आप किसी बर्फीली जगह पर बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं तो यहां जानिए आखिर किस जगह पर आप स्नोफॉल एंजॉय कर सकते हैं।

### नवंबर के महीने में कहां होगी बर्फबारी?

#### लद्दाख

आप बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं तो लद्दाख जा सकते हैं। यहां आपको बेहद खूबसूरत नजारे को एंजॉय करने का मौका मिलेगा। कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें क्लिक करने के लिए आप इस जगह का रुख कर सकते हैं।

#### कश्मीर

कश्मीर की कई जगहों पर नवंबर में बर्फबारी देखने को मिल सकती है। इस महीने में आप कश्मीरी सेब के बागानों को जरूर देखें, यहां पर आपको तरह-तरह के सेब देखने मिलेंगे।

#### कुफरी

कुफरी ऐसा हिल स्टेशन है जो शिमला के सबसे पास है। इस जगह पर आप स्नोफॉल का मजा ले सकते हैं। यहां पर बर्फबारी के नजारे को देखकर आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे।

#### औली

उत्तराखंड के इस हिल स्टेशन पर आप जबरदस्त बर्फबारी का मजा ले सकते हैं। स्कींग के दीवानों के लिए ये बेस्ट प्लेस साबित हो सकती है। यहां पर्यटन विभाग द्वारा हर साल विंटर स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन भी करवाया जाता है।

New Delhi

# आज कई राज्यों में बारिश की बौछार, हिमाचल-उत्तराखंड में चमकेगी बिजली

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई राज्यों में मॉनसून भारी बारिश देकर विदाई कर रहा है। मौसम विभाग ने आज से अगले पांच दिन कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय समेत पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में गरज के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी आज कई स्थानों पर बिजली चमकने और गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली में बादलों के आवरण के साथ मौसम खुशनुमा रहेगा। वहीं, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश में मॉनसून की विदाई से पहले बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से यहां कई जगहों पर बूंदाबांदी की संभावना है।

सम विभाग के मुताबिक 11 अक्टूबर के दौरान देश के कई हिस्सों में गरज और बिजली चमकने के साथ हल्की/मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। मध्य और पश्चिमी भारत के हिस्सों में अगले पांच दिनों के दौरान कोई महत्वपूर्ण बदलाव की



संभावना कम है।

आईएमडी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में आंधी, बिजली गिरने और भारी बारिश की संभावना है। उधर, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश के बाद मौसम में आज से बदलाव देखने को मिलेगा। यहां हालांकि कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। वहीं, उप-हिमालयी राज्यों पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आंधी और बिजली गिरने की संभावना है।

स्काईमेट वेदर के मुताबिक, दिल्ली में आज मौसम साफ रहेगा। हालांकि 10 अक्टूबर से बारिश की संभावना जताई गई है। यहां न्यूनतम तापमान 22 डिग्री जबकि अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इससे पहले रविवार को आसमान साफ रहा और लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। हालांकि मध्यम हवाओं और आकाश साफ होने से प्रदूषण में कमी जरूर आई है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार से दिल्ली में आसमान पर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। तापमान अधिकतम 36 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री रहने की संभावना है।

Punjab

## पंजाब में बड़ा हादसा : सिलिंडर लीक होने से घर में लगी आग, झुलसा परिवार, सात में से 5 सदस्यों की मौत

**जालंधर (पंजाब), (एजेंसी)** पंजाब के जालंधर वेस्ट के अवतार नगर गली नंबर 12 में भाजपा कार्यकर्ता घई परिवार के पांच सदस्यों की आग में झुलसने से एक साथ मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घर में रखे सिलिंडर की गैस लीक होने से आग लग गई और गैस सिर में भी चढ़ गई, इससे घर के पांच सदस्यों की मौत हो गई। घटना रविवार रात 9:30 के करीब की बताई जा रही है। जिस दौरान लोग खाना खाकर छत पर टहलने निकले तो उन्होंने घर से धुआं निकलते देखा और दमकल विभाग के साथ पुलिस को सूचित किया।

घटना की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहले बच्चों को बाहर निकाला, जिसमें अस्पताल पहुंचने से पहले जिंदा जले 15 साल की लड़की और 12 साल के लड़के की मौत हो। बाद में सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान यशपाल सिंह, रुचि, दीया, मंशा और अक्षय के रूप में हुई है। जबकि इंद्रपाल सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में माहौल गमगीन हो गया।

Uttarakhand

## धारचूला-लिपुलेख मार्ग पर चलते वाहन पर गिर गई चट्टान, सात लोगों की मौत

**पिथौरागढ़,, (एजेंसी)** धारचूला-लिपुलेख सड़क पर थक्ती झरने के पास चट्टान खिसकने से एक बोलेरो कैंपर दब गया। इस हादसे में तीन बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। सात घंटे तक खोज एवं बचाव अभियान चलाने के बावजूद चट्टानों के नीचे दबी कार का पता नहीं चल सका। अंधेरा होने के कारण शाम सात बजे अभियान बंद कर दिया गया। चट्टान दरकने से दोनों ओर कई वाहन फंसे हैं। धारचूला से 55 किमी दूर मालपा और पेलसिती झरने के बीच स्थित थक्ती झरने के पास रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर गिर गया। नाबि गांव से धारचूला की ओर आ रही बोलेरो कैंपर जीप इससे दब गई। इस जीप से आगे चल रही दूसरी जीप के चालक अजय ने जब गड़गड़ाहट की आवाज सुनी तो उन्हें हादसे का पता चला।

Uttarpradesh

## यूपी : दारोगा ने सर्विस रिवॉल्वर से प्रेग्नेंट पत्नी को मारी 3 गोलियां, सास बोली- दहेज में 25 लाख कैश दिया, फिर भी...

**झांसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के झांसी में एक दारोगा ने सर्विस रिवॉल्वर से अपनी पत्नी को गोली मार दी. दारोगा की पत्नी डेढ़ महीने की प्रेग्नेंट थी. उसे तीन गोलियां लगी हैं. शुरुआती जांच में घरेलू विवाद में गोली मारने की वजह सामने आई है. उधर दारोगा की करतूत से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया. आरोपी दारोगा की सास ने कहा कि दहेज में 25 लाख रुपये कैश दिया था फिर भी वो 50 सोने की अंगूठी की मांग कर रहा था.

पूरा मामला उल्दन थाना की बंगरा चौकी का है. जहां चौकी प्रभारी शशांक मिश्रा ने अपनी प्रेग्नेंट पत्नी को सर्विस रिवॉल्वर से तीन गोली मार दी. जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल हालत में उसे पत्नी झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया. जहां उसका इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि चौकी इंचार्ज शशांक मिश्रा की पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था. बीती रात को भी कहासुनी हुई, जिसके बाद शशांक ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से पत्नी को तीन गोलियां मार दी. इसके वहां से फरार हो गया. वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पत्नी को मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया.

खेल

# विराट कोहली ने वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, कुमार संगाकारा को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को चेन्नई में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 के पांचवें लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी की। विराट कोहली ने भारतीय टीम को मैच जिताने का काम किया और इसी दौरान उन्होंने एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। विराट कोहली दुनिया के पहले ऐसे क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में नॉन-ओपनर के तौर पर सबसे ज्यादा बार 50 प्लस रन की पारी खेली है।

दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया के वर्ल्ड कप 2023 के आगाज मैच में 116 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 85 रन



की पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने श्रीलंका के पूर्व महान विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगाकारा का रिकॉर्ड धराशायी कर दिया। संगाकारा ने 112 बार वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में 50 या इससे ज्यादा रन की पारी खेली है और अब विराट कोहली ने 113वीं बार गैर सलामी बल्लेबाज के तौर पर ऐसा कर दिखाया।

इस लिस्ट में तीसरा नाम ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का है। उन्होंने 109 बार ये कारनामा किया है, जबकि साउथ अफ्रीका के दिग्गज जैक कैलिस इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। वे 102 बार ये कमाल करने में सफल हुए हैं। बता दें कि विराट कोहली अपने करियर में ज्यादातर बार नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे हैं। वे अब तक वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में 47 शतक और 67 अर्धशतक जड़ चुके हैं। एक बार ओपन करते हुए भी वे 50 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

### वनडे में नॉन-ओपनर के रूप में सर्वाधिक 50+ स्कोर

113 - विराट कोहली*
112 - कुमार संगाकारा
109 - रिकी पोंटिंग
102 - जैक्स कैलिस

सिनेमा

## अक्षय कुमार ने फिर किया शाहरुख-अजय संग पान मसाला ऐड, वादा तोड़ा तो इंटरनेट पर फूटा फैंस का गुस्सा



विमल पान मसाला का ऐड करने के लिए अक्षय कुमार, अजय देवगन और शाहरुख खान फिर एक बार साथ आ गए हैं। तीनों बॉलीवुड स्टार्स ने पहले भी इस तंबाकू प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी के लिए विज्ञापन किया था जिसे जमकर ट्रोल किया जा चुका है। जबरदस्त ट्रोलिंग के बाद अक्षय कुमार ने इस पर सफाई भी पेश की थी, हालांकि अब फिर एक बार तीनों स्टार्स विमल पान मसाला का एड करते नजर आए हैं जिसके बाद सोशल मीडिया पर तीनों स्टार्स को घेरा जाना शुरू हो गया है।

इस बार ऐड में शाहरुख खान और अजय देवगन को अक्षय कुमार के घर के बाहर खड़े होकर एक ओपन रूफ कार में उनका इंतजार करते दिखाया गया है। कुछ देर तक दोनों अक्षय को आवाज लगाते हैं और फिर उनके नहीं आने पर शाहरुख खान एक टेनिस बॉल फेंक कर घर के शीशे पर मार देते हैं। इस पर अंदर से सौंदर्या शर्मा बाहर आती हैं और फिर शाहरुख इस हरकत का इल्जाम अजय देवगन के सिर डाल देते हैं। तब अजय देवगन पान मसाला का पाउच खोलकर खाने लगते हैं और केसर की महक घर के भीतर तक जाती है।

## Highlights

1. *Indian woman in Israel injured in airstrike while on video call with husband*
2. *Injured in UP, Cobra sent to Delhi in ambulance for treatment*
3. *Indians volunteered to fight for us, thank you but we fight our own fight: Israel envoy*
4. *Man finds ₹753 crore in bank account after sending ₹2,000 to friend in Chennai*
5. *AIIMS Delhi denies reports Dalai Lama was admitted to hospital*
6. *Bengaluru Metro's Purple Line begins its operations*

# GST Council exempts extra neutral alcohol levy, reduces rates on millet flour

**NEW DEIHI, (Agency).** The Goods and Services Tax (GST) Council has chosen to delegate the taxation of Extra Neutral Alcohol (ENA), which is used for the manufacture of portable alcohol, to the states. Furthermore, it has reduced the levy rates on millet flour and molasses.

Announcing the decision, Union Finance Minister Nirmala Sitharaman said that despite the GST Council having full authority to levy charges on ENA, it is ceding the right to tax the distilled alcohol used for human consumption to states. ENA for industrial use will continue to attract GST.

We're now on WhatsApp. Click to join.

Along with this, informing about the millet flour rate cut, she said that if the flour is unpackaged and contains at least 70 per cent millet, it will be subject to a zero per cent tax



rate. However, if it is packaged and labelled, it will incur a five per cent tax rate.

In addition to this, GST Council in its 52nd meeting also lowered the GST tax on molasses from 28 to 5 per cent. "It will benefit sugarcane farmers, lower cattle feed cost," Sitharaman said.

Amendments to GST Appellate Tribunal

Sitharaman said, "The president and the members shall have a tenure up to a maximum age of 70 years. Earlier, this was 67. For the president and the members, it was 67 and 65 respectively. Whereas what we've now done is the tenure can be up to 70 and 67, respectively..."

The 52nd meeting of the GST Council, under the chair of Nirmala Sitharaman was held at Sushma Swaraj Bhawan in New Delhi on Saturday. Along with the union finance minister, union minister of state for finance, chief ministers of Goa and Meghalaya, besides finance ministers of states & UTs (with legislature) also attended the meeting.

# RBI's deadline to exchange ₹2,000 notes ended on October 7. What happens now

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India's deadline for exchange/deposit of ₹2,000 currency notes ended on October 7. The central bank as of now has not made any announcement on extending the deadline.

Earlier, the RBI had given a four-month time frame for people to deposit or exchange their ₹2,000 notes at the nearest bank, this after the notes were withdrawn from circulation on May 19. The notes were withdrawn from



circulation six years after being introduced by the Narendra Modi government through its demonetisation drive.

On September 30, the RBI extended the deadline for the exchange/deposit of ₹2,000 notes till October 7. With no announcement related to extension of deadline, here's what happens now:- With effect from October 8, 2023, the banks shall stop accepting ₹2000 banknotes for credit to accounts or exchange to other denomination banknotes.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The ₹2000 banknotes shall continue to be allowed to be presented at the 19 Regional Offices of RBI having Issue Departments (RBI Issue offices) for credit to the bank accounts in India or exchange as indicated in the Press Release.

# दो युवकों ने एक-दूसरे पर किया जानलेवा हमला

◆गालियां देने को लेकर हुआ था विवाद, दोनों पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार इलाके में दो युवकों के बीच गालियां देने को लेकर विवाद हो गया, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे पर मांस काटने के छुरे से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दोनों पर हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार घटना चंपाबाग में मदिना मस्जिद के सामने हुई। शाहरुख पिता मुनीर खान निवासी चम्पाबाग की शिकायत पर अफज़ल पिता अब्दुल अजीज मुल्तानी निवासी मुल्तानी लाईन चम्पा बाग पर केस दर्ज किया है। शाहरूख ने पुलिस को बताया कि मैं मस्जिद के सामने गया जहां देखा आयान को अफजल गाली दे रहा था मैंने अफजल को गालियां देने से मना किया तो उसने अपने हाथ में लिये गौस काटने का छूरे से मुझे जान से मारने की नियत से मेरे सिर में मारा मैं झुक गया जिससे मेरे माथे में बांये तरफ चोट लगकर खून निकलने लगा मैंने उससे छूरा छिनने का प्रयास किया तो उस छूरे से मेरे बांये हाथ की चार उंगलियों में चोटे आयी व कलाई के ऊपर भी चोट आई है।

इसी मामले में अफजल की रिपोर्ट पर शाहरूख पर केस दर्ज किया गया। अफजल ने पुलिस को बताया कि आरोपी शाहरुख पुराने झगडे की बात को लेकर मुझे गालियां दे रहा था एवं लात मुक्को से मारपीट करने लगा मैने उसे मारपीट करने से मना किया तो उसने अपने हाथ में लिये गौस काटने का छूरे से मुझे जान से मारने की नियत से मेरे सिर,कपाल एवं बांये हाथ की रिंग फिंगर में मारा जिससे चोट आकर खून निकलने लगा मैं चिल्लाया तो आसपडोस के रहने वाले ऐजाज पिता अब्दुल अजीज एवं मोहल्ले वालो ने बीच बचाव कर मुझे छुड़ाया व घटना देखी है ।

# युवती को धक्का देकर लूटा मोबाइल

◆दूसरी घटना में महिला का पर्स लूटा, आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो पहिया वाहन से जा रही युवती को बाइक सवार बदमाशों ने धक्का दिया और उसका मोबाइल लूटकर भाग निकले। गाड़ी से गिरने के कारण युवती घायल हो गई। पुलिस मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं एक अन्य लूट की घटना में बदमाश महिला का पर्स छिनकर भाग गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।**

घटना बाणगंगा इलाके की है। पुलिस के अनुसार उपासना पिता ओमप्रकाश रायकवार निवासी कालिंदी गोल्ड रूबी गार्डन के पास की शिकायत पर बाइक सवार तीन बदमाशों पर केस दर्ज किया है। उपासना ने पुलिस को बताया कि वह कल अपनी जुपिटर स्कूटर मे पेट्रोल डलवाने के लिये पेट्रोल पंप जा रही थी तभी एच डी एफ सी बैंक के सामने अरविंदो अस्पताल के पास मे मेरे स्कूटी के पीछे से एक मोटरसायकिल पर तीन अज्ञात लडक़े आये और तीनों लडक़े मेरे से मेरा विवो कंपनी का आसमानी रंग का मोबाईल फोन कीमती लगभग 4,000/- रुपये का छीनने की कोशिश करने लगे और मुझे धक्का देकर मेरी स्कूटी से नीचे गिरा दिया । गिरने से मेरे नीचले होंठ, बाये पैर के पंजे, दाये पैर के घुटने व माथे पर बायी ओर चोट आई है और वो तीनो लडक़े वहाँ से मेरा मोबाईल फोन लूट कर अपनी उक्त मोटरसायकिल से कालिंदी रोड़ की तरफ भाग गए। पुलिस आरोपियों की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, जिससे आरोपियों का सुराग मिल सके।

इसी प्रकार लूट की एक अन्य वारदात जूनी इंदौर इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि सुचेता पति राहुल सलूजा (43) निवासी ब्यावरा जिला राजगढ़, हाल मुकाम एंजल एवेन्यू खातीवाला टैंक नंदवंशी दूध डेयरी के पास खातीवाला टैंक इलाके से होते हुए सब्जी सब्जी मंडी में सब्जी व फल खरीदने के लिए गई थी जब वह सब्जी खरीदकर वापस अपने घर जा रही थी तभी पीछे से एक व्यक्ति मोटर सायकल से आया और मेरे हाथ से ब्राउन कलर का पर्स छीन कर भाग गया । पर्स मे मोबाईल फोन ग्रीन कलर सेमसंग कंपनी का एस-22, आल्ट्रा व नकदी 20,000/-रुपये थे । मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आदिल शेख पिता शकील शेख निवासी मथुरा कालोनी आजाद नगर को गिरफ्तार किया है, जिसने महिला से लूट की वारदात कबूली है।

# डकैती की योजना बनाने वालों से 25 मोबाइल भी जब्त

◆नशे की लत पूरी करने देते थे वारदात को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नशे की लत पूरी करने के लिए बदमाशों ने कई थाना क्षेत्रों में नकबजनी, लूट, चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बनाते समय वे पुलिस के हाथ लग गए। उनके पास से तीन स्थानों से लूटे गए 25 मोबाइल व बाइक भी बरामद की है। खजराना पुलिस को सूचना मिली कि चार बदमाश अंगारा मैदान के पास पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर यहां से आरोपी सलमान निवासी ममता कॉलोनी, साबिर खान निवासी सिल्वर कॉलोनी, बबलू चौहान निवासी मायापुरी तथा अप्पू गोयल निवासी दीपमाला ढाबे के पीछे बाणगंगा को पकड़ा। उनके पास से खंजर, दो चाकू, मिर्ची पाउडर मिला है। आरोपियों ने थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की तीन वारदातें भी कबूली हैं।

# नशे के लिए चुराया पान मसाला, तीन गिरफ्तार

## 400 कैमरे में खंगाले फुटेज, दो लाख का माल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नशे के लिए तीन बदमाशों ने पान दुकान पर नकबजनी कर वहां से दो लाख का मसाला जब्त कर लिया। 400 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े। जूनी इंदौर थाना प्रभारी शैलेन्द्रसिंह जादौन ने बताया कि घटना 30 सितम्बर से एक अक्टूबर की मध्य रात्रि की है। फरियादी के मुताबिक, जिला पंचायत कार्यालय के सामने नेहा अपार्टमेंट स्थित दुकान का शटर उचकाकर अज्ञात बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया था। बदमाशों को पकडऩे टीआई ने टीम गठित की थी। टीम ने फुटेज के आधार पर पारस पिता संजय गेहलोत निवासी राधा गोविन्द का बगीचा, राज पिता विमल जामोद निवासी स्नेह नगर झोपड़पट्टी तथा रोशन पिता मोतीलाल पोडेल निवासी जेएसपी प्रिंसेस होस्टल स्नेह नगर को पकड़ा है। बदमाशों का एक साथी तन्नू प्रजापत भी है। चोरी का बाकी माल तन्नू के पास होना बताया जा रहा है। ।

# दो शातिर चोरों से चार बाइक बरामद, कई थाना क्षेत्रों में कर चुके वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस सघन चेकिंग अभियान चला रही है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने अभियान चलाकर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चार बाइकें बरामद की हैं। टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों की जांच की तो युवक बाइक से जाते दिखे। उन्हें रोककर बाइक के कागज मांगे। युवक कागज नहीं दिखा सके और पुलिस को बरगलाने लगे। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बाइक चोरी की होना कबूला। पकड़े गए बदमाशों में आकाश पिता मुकेश हाड़ा निवासी आदर्श इंदिरा नगर तथा उसका साथी पप्पू पिता किशोर वर्मा निवासी दुर्गा कॉलोनी राऊ है। बदमाशों की निशानदेही पर तीन अन्य बाइक जब्त की हैं। आरोपी आकाश पर राजेन्द्र नगर, भंवरकुआ, जूनी इंदौर, द्वारकापुरी, अन्नपूर्णा में चोरी के 8 तथा पप्पू पर राजेंद्रनगर में चोरी के दो मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने बताया कि वे राजेन्द्र नगर, संयोगितागंज, सिमरोल, पीथमपुर सेक्टर एक से वाहन चुराते थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।